Bareilly, Sunday, 3 August 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 07 MIDDLE

# गाजियाबाद के प्लेयर्स का रहा दबदबा

## इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी के इनडोर स्टेडियम में चल रही प्रतियोगिता



प्लेयर्स ने जीत के लिए दिखाया दमखम.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (2 Aug):** श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी के इनडोर स्टेडियम में 12वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल और तृतीय यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को प्रि क्वार्टर और क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए, जिसमें गाजियाबाद, आगरा, गौतमबुद्ध नगर और लखनऊ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. मेंस प्री क्वार्टरफाइनल में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव, आर्यन यादव प्रयागराज, श्रीधर जोशी गौतमबुद्धनगर, अंश सभरवाल सहारनपुर, सत्यम गिरी गुप्ता कानपुर, अद्वित गुप्ता कानपुर, कौशिक छेत्री प्रयागराज और सार्थ मिश्रा गाजियाबाद ने जीत दर्ज की. अंडर-11 होप्स ब्वायज के क्वार्टर फाइनल में आर्यवीर बोरा गौतमबुद्धनगर, प्रणित अग्रवाल लखनऊ, आदविक अग्रवाल गाजियाबाद और दुर्वांक कानपुर ने मुकाबले जीते. अंडर-11 होप्स गर्ल्स क्वार्टर फाइनल में अंशिका गुप्ता प्रयागराज, रियांशी गर्ग इटावा, प्रेक्षा तिवारी कानपुर और इनाया फातिमा आगरा ने जीत हासिल की. अंडर-15 सब-जूनियर ब्वाय क्वार्टर फाइनल में केशव खंडेलवाल आगरा, लक्ष्य कुमार लखनऊ, अर्णव थापा गाजियाबाद और आशुतोष गुप्ता कानपुर ने जीत दर्ज की. अंडर-15 सब-जूनियर गर्ल्स क्वार्टर फाइनल में अंकिशा मिश्रा आगरा, अंशिका गुप्ता प्रयागराज, अनोखी केशरी वाराणसी और शालिनी देवी प्रयाग ने अपने मुकाबले जीते. अंडर-17 जूनियर गर्ल्स प्री क्वार्टर फाइनल में याशिका तिवारी गाजियाबाद, श्रेया कुकरेती गौतम बुद्ध नगर, अवनीत कौर गाजियाबाद, समृद्धि शर्मा गौतम बुद्ध नगर, सुहानी अग्रवाल, अंकिशा मिश्रा आगरा, साक्षी तिवारी लखनऊ और अनोखी केशरी वाराणसी ने जीत हासिल की. अंडर-13 कैडेट गर्ल्स के प्रि क्वार्टर फाइनल में शौर्या गोयल लखनऊ, विक्रम दुबे गाजियाबाद, अनघ सुंद्रियाल गाजियाबाद, रुद्र मिश्रा गाजियाबाद, प्रकुल कुमार गौतमबुद्धनगर, दुर्वंक कानपुर, वेदांत गुप्ता गाजियाबाद और लक्ष्य कुमार लखनऊ ने जीत दर्ज की.